## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का हुआ जिला स्तरीय शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में आज नगर निगम सभापति जयंत ठेठवार ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.टी. जी.कुलवेदी ने बताया कि एल्बेंडाजोल की गोली एक साल से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को आज स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रो में कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई तथा छुटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस 14 सितंबर को खिलाया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को अवश्य दवा का सेवन करवाएं ताकि कृमि से छुटकारा पाने के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, बौद्धिक विकास, एनीमिया के रोकथाम में सुधार हो सके। जो बच्चे 09 सितंबर को दवा खाने से वंचित रह जाते हैं, वे बच्चे 14 सितंबर को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवश्य रूप से दवा सेवन करें। कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर डॉ.काकोली पटनायक, डॉ.राकेश वर्मा, सी.पी.एम., वार्ड पार्षद आरिफ हुसैन, उमा महंत, जया मजूमदार एवं गौतम सिदार व्हीबीडीटीएस उपस्थित थे।

### निशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत जिले के पंजीकृत शासकीय संस्था-जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज रायगढ़, किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़, जिले के समस्त आईटीआई तथा प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत निजी संस्थाओं के माध्यम से नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत हितग्राहियों को शासकीय तथा निजी क्षेत्र की रोजगार/स्वरोजगार योजनाओं में स्थापित करने का प्रावधान है। नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 14 वर्ष से 45 वर्ष तक हो नि:शुल्क प्रशिक्षण हेतु संस्थान में अथवा कार्यालय के ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com में भी आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण, रायगढ़ के सूचना पटल एवं मोबा.नं.62611-31722 के माध्यम से संपर्क कर सकते है।

### जिले में 984.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 9 सितम्बर तक 984.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1181.3 मिली मीटर, पुसौर में 1224.9, खरसिया में 983.7, सारंगढ़ में 1236.2, बरमकेला में 896.3, घरघोड़ा में 766.4, तमनार में 1021.5, लैलूंगा में 960.7, धरमजयगढ़ में 895.9, सरिया में 890.8 एवं छाल में 768 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा की संभावना

**रायपुर(आरएनएस)।** प्रदेश में आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। वहीं एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश-दक्षिण तटीय उड़ीसा के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इस मौसमी तंत्र के अगले 36 घंटे में और प्रबल होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, उदयपुर, जलगांव, रामागुंडम, और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर निम्न दाब के केंद्र तक माध्य समुद्र तल पर स्थित है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाया 20 साल की सजा

**❑ जूटमिल पुलिस चौकी के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाया पीड़िता को राहत देने वाला फैसला**

**रायगढ़।** माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, एफ.टी.एस.सी. (पोक्सो) के न्यायाधीश प्रतिभा वर्मा द्वारा दिनांक 09.09.2022 को न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 65/2021 एवं पुलिस चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 1278/2021 के प्रकरण में अंतिम फैसला सुनाया गया है जिसमें अभियोजन की ओर से आरोपी विकास कुमार वैद्य पर आरोपित नाबालिक को शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने के सभी आरोप सिद्ध पाए गए हैं। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी विकास कुमार वैद्य पिता संजय कुमार वैद्य उम्र 22 वर्ष निवासी झोपड़ीपारा, चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को क्रमश: धारा 363 में 3 साल, धारा 366 में 5 साल तथा पोक्सो एक्ट की धारा 6 में 20 साल के कठोर कारावास व 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है, सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। मामले में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर द्वारा पैरवी की गई वहीं तत्कालिक चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक गिरधारी साव (वर्तमान थाना प्रभारी कोतरारोड़) द्वारा आरोपी के कब्जे से नाबालिग बालिका की दस्तयाबी, आरोपी की गिरफ्तार कर संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। आरोपी विकास कुमार वैद्य बलवा, हत्या का प्रयास, चाकूबाजी के अपराध में भी आरोपी रह चुका है जिसके संपूर्ण अपराधिक इतिहास न्यायालय प्रस्तुत किया गया।



**मामले का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 08/09/2021 को पुलिस चौकी जूटमिल में लापता बालिका के परिजन चौकी जूटमिल आकर उप निरीक्षक गिरधारी साव को बालिका के दिनांक 07.09.2021 को सुबह बिना बताये घर से कहीं चले जाना बताये, बालिका के परिजन झोपड़ीपारा जूटमिल में रहने वाले विकास वैध पर बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का संदेह व्यक्त किया गया। चौकी प्रभारी संदेही विकास वैद्य पर अप.क्र.1278/2021 धारा 363 IPC का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जूटमिल पुलिस को विकास वैद्य की पहले से तलाश थी। विकास वैध, जूटमिल के मार्शल यादव का दोस्त है, मार्शल यादव जो न्यायालय पेशी दौरान कोर्ट परिसर से फरार है। जूटमिल पुलिस जानकारी मिली थी कि विकास वैध अपने दोस्त मार्शल यादव को कोर्ट पेशी से भागने में मदद किया है। विवेचना दरम्यान पुलिस टीम को आरोपी विकास वैद्य के डभरा थानाक्षेत्र में बालिका के साथ देखे जाने की सूचना मिली जिस पर कोतवाली एवं जूटमिल की संयुक्त टीम तत्काल डभरा रवाना हुई और ग्राम धुरकोट में आरोपी विकास वैद्य के कब्जे से बरामद किया गया है। बालिका का कथन, मुलाहिजा बाद प्रकरण में धारा 366(क), 376 (ढ) IPC , 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी विकास वैद्य को गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी मामले में महत्पूर्ण साक्ष्य का संकलन कर आरोपी विकास वैद्य के विरूद्ध चालान न्यायालय पेश किया गया।

# कलेक्टर रानू साहू निरीक्षण में पहुंची लैलूंगा, घरघोड़ा एवं तमनार

**❑ भेंट-मुलाकात के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

**रायगढ़।** भेट-मुलाकात के द्वितीय चरण की शुरूआत होने के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम जिले के अन्य विधानसभाओं में भी प्रस्तावित है। इसी सिलसिले में तैयारियों को लेकर कलेक्टर रानू साहू आज लैलूंगा, तमनार एवं घरघोड़ा निरीक्षण में पहुंची। विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी इस दौरान मौजूद रहे। यहां कलेक्टर साहू ने प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया तथा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर रानू साहू ने हेलीपेड एवं भेंट-मुलाकात सभा स्थल, मंच की तैयारियों के संबंध में निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने भेंट-मुलाकात स्थल पर लोगों की एन्ट्री के साथ ही उनकी बैठक



व्यवस्था के बारे में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कार्यक्रम के रूट-चार्ट के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम से जुड़े अन्य बिन्दुओं के आधार पर तैयारियां करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ट्रेफिक तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान एसडीएम लैलूंगा डी.आर.रात्रे, सीएमएचओ डॉ.एस. एन.केशरी, डीईओ आर.पी.आदित्य, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, प्रभारी उप संचालक कृषि हरिश राठौर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम भर्ती के लिए 15 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छ.ग. के 18 जिलों लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के लिए चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए कार्यपालक अध्यक्ष छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है, प्रदेश के 18 जिलों में से जिला रायगढ़ हेतु भी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय के सुचारू संचालन हेतु जिलें में लंबित प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 02 पद, एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 02 पद स्वीकृत करते हुए भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर नियुक्ति के लिए छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पद पर नियुक्ति के लिए अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। निर्धारित मापदण्डों को पूर्ण करने




वाले इच्छुक अधिवक्ताओं से आवेदन 15 सितंबर 2022 को शाम 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से अपने आवेदन विहित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ के कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं इस संबंध में विस्तृत जानकारी छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाइट पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के पेज पर ऑनलाइन उपलब्ध है। साथ ही उक्त जानकारी जिला न्यायालय रायगढ़ परिसर स्थित प्रबंध कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

# ओम ने जिले के साथ पूरे प्रदेश को किया गौरवान्वित- कलेक्टर रानू साहू ने नीट टॉपर ओम प्रभु को दी शुभकामनाएं

**❑ ओम को मिलेगा एम्स दिल्ली में एडमिशन, 18 लाख में से सिर्फ 125 को मिलता है यहां पढ़ने का मौका**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट में ऑल इंडिया रैंक 44 लाकर रायगढ़ जिले के साथ पूरे प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले छात्र ओम प्रभु साहू से मुलाकात कर उन्हें उनकी इस स्वर्णिम सफलता के लिए ढेरों बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनकी माता सुनीता साहू और पिता कृष्ण कुमार साहू को भी उनके बेटे की इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए बधाइयां दीं।

कलेक्टर साहू ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ऑल इंडिया में टॉप 50 में आने के साथ ही प्रदेश में टॉप करने वाले ओम प्रभु रायगढ़ से हैं। इससे यहां के दूसरे प्रतिभागियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे यहां रहकर भी सटीक रणनीति और मेहनत के बल पर पूरे देश में अपना नाम रोशन कर सकते हैं। कलेक्टर साहू ने ओम से उनके तैयारियों और मेडिकल के फील्ड में आगे की योजनाओं को लेकर भी बात-चीत की। ओम ने बताया कि उन्होंने इसी वर्ष 12 वीं की परीक्षा 96 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। नीट में आए रैंक के साथ उन्हें एम्स दिल्ली में आसानी से एडमिशन मिल जायेगा। अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके वो आगे न्यूरोसर्जन बनना चाहते हैं। कलेक्टर श्रीमति साहू ने उन्हें इसके



लिए भी शुभकामनाएं दीं।

फर्स्ट अटेम्प्ट में ही सपना हुआ साकार, 18 लाख में से सिर्फ 125 को मिलता है एम्स दिल्ली से पढऩे का मौका

ओम प्रभु कहते हैं कि उनका सपना पहले ही अटेम्प्ट में साकार हो गया है। ऑल इंडिया रैंक 44 से उन्हें एम्स दिल्ली में पढऩे का मौका मिलेगा। जो पूरे देश का सबसे शीर्ष मेडिकल संस्थान है। परीक्षा में बैठने वाले सभी परीक्षार्थियों का यह ड्रीम कालेज होता है। इस साल परीक्षा में करीब 18 लाख एस्पिरेंट्स बैठे थे जिसमें से सिर्फ 125 को यहां पढऩे का मौका मिलता है। ऐसे में यह दोहरी खुशी का मौका है।

**परिवार के सपोर्ट और सेल्फ स्टडी ने दिलायी सफलता-** ओम अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सपोर्ट के साथ ही अपने बड़े भाई बहनों से मिले गाइडेंस को देते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने स्कूल की पढ़ाई के साथ घर पर ही रहकर ऑनलाइन कोचिंग भी ली। सेल्फ स्टडी पर जोर देने वाले ओम कहते हैं कि कोचिंग से आपको क्या और कैसे पढऩा है इसकी जानकारी मिलती है। लेकिन नियमित रूटीन के साथ सेल्फ स्टडी सबसे महत्वपूर्ण है।

# चोरी के 10 बंडल छड़ और टूल्लू पंप के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**❑ लगातार छड़ व सरिया चोरी करने वालों पर कार्यवाही कर रही घरघोड़ा पुलिस**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस लगातार चोरी के आरोपियों का धरपकड़ किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 09.09.2022 को ग्राम नूनदरहा में पानी टंकी निर्माण स्थल से 10 बंडल सरिया और 1 टुल्लु पंप को चोरी कर ले जाने वाले 4 आरोपियों को घरघोड़ा पुलिस हिरासत में लेकर आरोपियों से चोरी का सारा सामान बरामद कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 07.09.2022 को थाना घरघोड़ा में



सूरज जायसवाल निवासी लक्ष्मीपुर रायगढ लिखित आवेदन पेश कर चोरी के संबंध में एफ.आई.आर. दर्ज कराया गया, रिपोर्टकर्ता सूरज जायसवाल बताये कि पी.एच.ई. विभाग रायगढ़ से वर्क आर्डर लेकर ग्राम नूनदरहा में पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है, जहां से दिनांक 04-05/09/2022 के मध्य रात्रि कोई अज्ञात चोर 10 बंडल सरिया और 01 नग टुल्लु पंप जुमला कीमती 70,000 रूपये को चोरी कर ले गया है। लिखित आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 382/2022 धारा 379 भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आज दिनांक 09.09.2022 को मुखबीर से थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज को सूचना मिली कि ग्राम नूनदरहा मोड के पास झाडियों में कुछ व्यक्ति लोहे का सरिया, टुल्लु पंप छिपाकर रखे हैं। सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ तस्दीक के लिये पहुंचे और संदेहियों के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ कर (1) सूरज राठिया पिता धजाराम राठिया उम्र 25 वर्ष (2) भारत राठिया पिता मनीराम राठिया उम्र 21 वर्ष (3) पंचराम यादव पिता घसियाराम यादव उम्र 21 वर्ष (4) मनमोहन कुमार मांझी पिता संतोष मांझी उम्र 22 वर्ष सभी ग्राम नूनदरहा थाना घरघोड़ा को हिरासत में लेकर झाडियों में रखे सरिया और पम्प के संबंध में पूछताछ किये जिसमें वे बताये कि चारों मिलकर पानी टंकी निर्माणस्थल से पम्प और सरिया चोरी कर छिपाये थे जिसे कबाड़ी के पास बेचने के लिये मौका की तलाश में थे। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 10 बंडल सरिया एवं 01 नग टुल्लु पंप कीमत 70,000 रूपये को जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# संस्था के लिए सहायता राशि भेजने के नाम पर ऑनलाइन ठगी, जुर्म दर्ज

रायगढ़। ग्राम बाईरडीह सोनाजोरी की सबीना मेकवान उम्र 70 साल, सिस्टर SMMI कोन्वेंट के दिनांक 08.09.2022 को लिखित आवेदन पत्र थाना लैलूंगा में अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है।

सिस्टर सबीना मेकवान के आवेदन पर लेख है दिनांक 18/08/2022 को इनके मोबाइल पर UK विदेश से व्हाटसअप मैसेज आया कि आपके संस्था को हमारी ओर से कुछ सामान व गरीबों की मदद के लिये सहायता राशि (1,00,000 Pound) भेजा जा रहा है। इन्हें व्हाटसअप के माध्यम से पार्सल सामान का फोटो दिखाया गया तो इन्हें विश्वास हुआ। दिनांक 20/08/2022 को फिर से उसी कॉलर के द्वारा कॉल कर बोला गया कि पैसा एवं पार्सल को भेजने के लिए और सामान छुडाने के लिए 25,000 रूपये बैंक खाता में जमा करना पडेगा। तब सिस्टर सबीना मेकवान दिनांक 20/08/22 को SBI NEW DELHI के गुरमीत सिंह नाम के खाता में 25,000 रूपये जमा की। रूपये जमा करने के बाद भारतीय मुद्रा को Pound में बदलने के कहने पर सिस्टर सबीना मेकवान 98,500 रूपये और जमा की। उसके बाद अज्ञात कॉलर के कहने पर सिस्टर सबीना मेकवान अलग-अलग तारीख में 15,000 और 2,95,500 दो किस्त में 32,000 रूपये और फिर 1 लाख रूपये STANDARD CHARTERED BANK के खाते में जमा की। दिनांक 25/08/2022 को सिस्टर सबीना मेकवान की कॉलर से अंतिम बार बात हुई थी जिसके बाद से उसका मोबाइल बंद है। सिस्टर सबीना मेकवान को शंका हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है और उनके द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। लैलूंगा पुलिस अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी (धारा 420 IPC) का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 3 राज्य पुरस्कारों के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

**❑ पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, यतियतन लाल सम्मान एवं महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए मंगायी गयी है प्रविष्टियां**

**रायगढ़।** सामान्य प्रशासन विभाग अंतर्गत दो राज्य स्तरीय पुरस्कार पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान एवं यतियतन लाल सम्मान तथा अखिल भारतीय पुरस्कार अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए 25 सितम्बर 2022 तक नामांकन प्रस्ताव मंगाये गये है। आवेदक नियत तिथि तक कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ में प्रविष्टियां जमा कर सकते है।

**पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान**

राज्य शासन ने सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किए गए अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान की स्थापना की है।

**यतियतन लाल सम्मान**

राज्य शासन ने अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय यतियतन लाल सम्मान की स्थापना की है।

**महाराजा अग्रसेन सम्मान**

राज्य शासन ने सामाजिक, समरसता यथा सभी वर्गो में समभाव, सौहाद्र्र, समाज सेवा के स्थायी कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थायी स्वरूप के कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अखिल भारतीय महाराजा अग्रसेन सम्मान की स्थापना की है।

उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी)द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। उक्त पुरस्कार की राशि 2 लाख रुपये चयनित व्यक्ति/संस्था को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण-पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जाएगी। यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम/मंडल में सेवारत हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में करें।


# मानसिक स्वास्थ्य पर काम कर रही रायगढ़ पुलिस

**❑ विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष**

**रायगढ़।** दो दिन पहले जूटमिल चौकी प्रभारी को किसी ने फोन किया वह आत्महत्या करने के लिए भगत सिंह पुल के पास खड़ा है वह जल्दी से आए जाएं ताकि उसके शरीर का अंग किसी के काम आ जाए। पुलिस आनन-फानन में वहां पहुंची तो पता चला कि वह पढ़ा लिखा युवक नशे में था और लोगों के तानों से आहत था। उसे सब निकम्मा कहते हैं तो वह मरकर आत्महत्या कर अपने अंग से किसी के काम आने की योजना बनाये हुए था। पुलिस की समझाइश पर वह माना और फिलहाल वह ठीक है। इसी तरह कई दफे बार पुलिस को ऐसे लोगों से रूबरू होना पड़ता है और वह सफल भी होती है।

आत्महत्या को रोकने के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार साल 2021 में छत्तीसगढ़ में 7,828 लोगों ने आत्हत्या आत्महत्या की। पूरे देश में आत्महत्या की दर 12 व्यक्ति प्रति 1 लाख है तो छत्तीसगढ़ में यह दर बढ़कर दोगुने से भी अधिक 26.44 व्यक्ति प्रति 1 लाख हो जाती है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले बताते हैं : " दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव जरूर पड़ता है। वर्तमान की पुलिसिंग में हम घटना के बाद के प्रभाव को ज्यादा से गंभीरता से रहे हैं। जैसे किसी के साथ साइबर ठगी हो गई है, उस व्यक्ति के



जीवनभर की कमाई कोई एक झटके से निकाल लेता है, वह परेशान हो जाता है और धीरे-धीरे मानसिक अवसाद की ओर बढ़ता है। ऐसा ही वर्तमान की युवा पीढ़ी में भी है बहुत आसानी से वह किसी के बहकावे में आ जाती है और बिना सोचे समझे कोई निर्णय ले लेती है जिसका बाद में उसे पछतावा होता है। पुलिस जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में यह विश्वास कायम कर रही है कि हम उनके लिए हैं। पुलिस जन चौपाल में साइबर क्राइम से कैसे बचें, मोबाईल फोन से जरिए ठगने वालों से कैस बचे और अपराध करने से कैसे बचे इसकी जानकारी दी जाती है। महिला सुरक्षा टीम बच्चियों को को उनके अधिकार और गुड टच बैड टच बताती है साथ ही उन्हें भरोसा दिलाती है कि कुछ भी हो तो हम हैं।"

**मानसिक स्वास्थ्य पर पुलिस का जोर**

जूटमिल चौकी प्रभारी और सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल कहते हैं: "समय के साथ तनाव भी बढ़ते जा रहे हैं और यह अप्रत्याशित है। साइबर क्राइम, ठगी से आहत व्यक्तियों के आत्महत्या करने के मामले भी सामने आए हैं। साथ ही शादी का झांसा देकर, बहलाकर कहीं ले जाना जैसे अपराध घटते ही रहते हैं जो पीड़ित के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते है और आगे चलकर आत्महत्या के कारण बनते हैं। हम पुलिसवालों की का यह प्रयास अप्रोच रहती रहता है कि पीड़ित को समझाइश दें और उन्हें अनावश्यक तनाव न दें। जो बीत गया उसी में चिपके रहने से पीड़ा होती है न्याय दिलाने के साथ ही लोगों के साथ रहना हमारा कार्य है। मातहत भी लगातार कार्य से तनाव में रहते हैं तो मैंने कार्य स्थल पर तनाव को कम करने के लिए 15 दिन में एक बार स्टाफ फैमिली गेट-टू-गेदर और बर्थ डे सेलिब्रेशन जैसी चीजें अपने थाने में लाई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480